वार्षिक प्रतिवेदन
2015-16

USACS



उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

एच.आई.वी./एड्स से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।

Website: www.uasacs.org

कंडोम देता है सुरक्षा
यौन रोगों से • एच.आई.वी. से • अनचाहे गर्भ से
कंडोम हो हमसफर
तो राह में नहीं
कंडोम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास, स्वा
और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपल
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
अधिक जानकारी के लि
बिना कंडोम - एक बा
के लिये कंडोम ही
एच.आई.वी. एक वायरस है
जो मनुष्य में बीमारियों से लड़ने की क्षमता
को खत्म कर देता है।
एच.आई.वी. संक्रमण
4 तरह से होता है
18-65 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति
हर तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है।
"रक्तदान"
"जीवनदान"
"महादान"
• "नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से ही सुरक्षित रक्त प्राप्त किया जा सकता है"
• "नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से रक्त संक्रमित रोगों (Transfusion Transmissible Infections) जैसे- मलेरिया, हैपेटाइटिस-बी.,सी., सिफलिस तथा एच.आई.वी. के संक्रमण की संभावना को लगभग समाप्त किया जा सकता है।
रक्तदान कीजिये - जीवन उपह
Donate Blood & Give
एच आई वी संक्रमित गर्भवती महिला से शिशु
में वायरस का संचार तीन अवस्थाओं में हो सकता है।
गर्भावस्था में 1
प्रसव के समय 2
स्तनपान से 3
हर गर्भवती महिला एच आई वी जांच के लिये अपने
क्षेत्र की आशा कार्यकत्री से संपर्क करें
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
कंडोम देता है सुरक्षा
• यौन रोगों से
• एच.आई.वी से
• अनचाहे गर्भ से
कंडोम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास, स्वास्थ्य केंद्रों
और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध हैं
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

वार्षिक प्रतिवेदन 2015-16

Annual Report 2015-16

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय

डांडा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून

दूरभाषः 0135–2608885, फैक्स 2608745, **Email: uttaranchalsacs@gmail.com Website: www.uasacs.org**

अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

विषय सूची

1	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना	05
2	एस.टी.आई./आर.टी.आई.	07
3	रक्त सुरक्षा कार्यक्रम	08
4	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.)	11
5	सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.)	12
6	यूथ अफेयर	15
7	मेनस्ट्रीमिंग	16
8	देखभाल, सहयोग एवं उपचार	17
9	लैब सर्विसेस	23
10	समाचार पत्र – सुर्खियाँ	24
11	आई.ई.सी. सामग्री	25
12	यूसैक्स में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची	26
13	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में कार्यरत एन.जी.ओ. की सूची	28
14	रक्तकोषों की सूची	32
15	सुरक्षा क्लीनिक की सूची	33
16	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्रों की सूची	34
17	ए.आर.टी. केन्द्रो एवं लिंक ए.आर.टी. केन्द्रो की सूची	37
18	ओ.एस.टी. केन्द्रो की सूची	38
19	संक्षिप्तीकरण	39

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना
(अप्रैल 2015-मार्च 2016)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 34 गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से उच्च जोखिम समूहों के मध्य कार्य किया जा रहा है जहां संक्रमण की अधिक संवेदनशीलता है। उच्च जोखिम समूहों को "कोर ग्रुप" एवं "ब्रिज पोपुलेशन" में विभाजित किया गया है। "कोर ग्रुप" के अन्तर्गत महिला यौनकर्मी, इन्जेक्टिंग ड्रग यूजर्स एवं समलिंगी (एम0एस0एम0) एवं ब्रिज पापुलेशन के अन्तर्गत ट्रक ड्राईवर एवं माइग्रेंट्स के मध्य कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2015–16 में अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक राज्य में उच्च जोखिम समूहों की अनुमानित संख्या 156930 के सापेक्ष 192947 लाभार्थियों को लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत सेवायें प्रदान की गई।

Typology	Estimation as per Site Assessment	Target	No. of Registered Population
FSW	7250	5250	5464
MSM	1920	1870	1879
TG	160	160	102
IDU	2100	1800	1807
Migrants	95000	85000	154765
TRUCKERS	40000	40000	26400
Transit	10000	10000	1900
OST	500	500	630
Total	**156930**	144580	192947

Fig : Coverage of HRGs in the Year 2015-16(April 2015-March 2016)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत एच0आई0वी0 / एड्स की रोकथाम हेतु वर्ष 2015–16 में माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक 25104 लाभार्थियों की एच0आई0वी0 की जांच की गयी जिसमें से कुल 25 एच0आई0वी0 पाजिटिव पाये गये जिसमें से 15 को ए0आर0टी0 में सन्दर्भित कर उचित सेवायें प्रदान की गयी। लाभार्थियों की एच0आई0वी0 जांच हेतु एन0आर0एच0एम0 के अन्तर्गत उपलब्ध सेवाओं से भी समन्वय स्थापित कर सेवायें प्रदान की गयी। राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्थापित आई0सी0टी0सी0 केन्द्रों के अतिरिक्त फैसिलिटी आई0सी0टी0सी, मोबाइल आई0सी0टी0सी0, मोबाइल मेडिकल वैन, कम्युनिटी केयर सैन्टर एवं अरबन हैल्थ सैन्टर में एच0आई0वी0 की जांच की गयी एवं एस0टी0आई0 / आर0टी0आई0 की जांच की गयी।

Typology	April 2015 to March 2016	
	No. of Active Population	No. of Tested for HIV
FSW	5461	8349
MSM+TG	1982	2859
IDU	1807	2922
Migrants	25500	8839
Truckers	6000	2135
Total	**40750**	**25104**

संस्थाओं का मूल्यांकन : वर्ष 2015–16 में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 2 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत 28 गैर सरकारी संस्थाओं का मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण की गयी, जिसमें से 22 संस्थायें सफल पायीं गयी।

एस0टी0आई0 / आर0टी0आई0 : यौन रोग एच0आई0वी0 / एड्स के संक्रमण को बढ़ावा देती है एवं यौन रोगियों में एच0आई0वी0 संक्रमण लगभग 30 प्रतिशत अधिक होने की संभावना रहती है। वर्ष 2015–16 में माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक 79044 लाभार्थियों ने एस0टी0आई0 सेवाओं हेतु उपस्थिति दर्ज की गयी एवं एस0टी0आई0 ग्रसित व्यक्तियों का उपचार किया गया।

कण्डोम प्रमोशन : एच0आई0वी0 / एड्स कार्यक्रम में कण्डोम प्रमोशन भी एक महत्वपूर्ण मद है। एच0आर0जी0 के मध्य मुफ्त कण्डोम वितरण के अतिरिक्त सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्थाओं द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। वर्ष 2015–16 में माह अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक मांग के सापेक्ष शत प्रतिशत कण्डोम वितरण किया गया एवं सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम उपलब्ध कराया गया। कण्डोम प्रमोशन के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में एच0आई0वी0 / एड्स को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई एवं यौन रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित कमी पायी गई।

कण्डोम प्रमोशन हेतु टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप(नाको भारत सरकार) का महत्वपूर्ण भूमिका रही एवं टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप द्वारा उचित सहयोग प्राप्त हुआ।

एम्प्लायर लेड माडल(Employer Led Model)–

एच0आई0वी0 / एड्स की रोकथाम हेतु राज्य में स्थापित विभिन्न उद्योगों के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने हेतु प्रयास किये गये। एम्प्लायर लेड माडल(Employer Led Model) के अन्तर्गत कुल 13 कम्पनियों के साथ मेमोरेन्डम आफ अन्डरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर किया जा चुका है।

ओ0एस0टी0 सेन्टर – वर्ष 2015–16 में नाको द्वारा प्राप्त अनुमोदन के क्रम में सुई से नशा करने वालों (IDUs) में एच0आई0वी0 का संक्रमण के जोखिम को कम करने एवं एच0आई0वी0 की रोकथाम हेतु जनपद नैनीताल(बनभूलपुरा), जनपद देहरादून(प्रेमनगर), जनपद उधमसिंह नगर(रूद्रपुर एवं काशीपुर) एवं जनपद हरिद्वार में पांच ओ0एस0टी0 केन्दों के माध्यम से 500 आई0डी0यू0 को उचित दवाओं के माध्यम से सेवायें दी गयीं। इस कार्यक्रम के फलःस्वरूप आई0डी0यू0 सुई से नशा करने के स्थान पर चिकित्सक द्वारा दी गयी दवाओं का सेवन कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं एवं इससे सुई द्वारा एच0आई0वी0 के संक्रमण की रोकथाम भी संभव हो पा रही है।

चित्र–1. टी0आई0 संस्थाओं में क्षमता विकास सत्र

क्षमता विकास – लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टी0आई0) के अन्तर्गत कार्य कर रही संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों (परियोजना प्रबन्धक, परामर्शदाता, लेखाकार) की क्षमता विकास हेतु इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन (IPC) पर आई0ई0सी0 अनुभाग के सहयोग से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नाको भारत सरकार द्वारा स्थापित एजेंसी प्रोजेक्ट दिवा एव हृदय द्वारा क्रमशः एम0एस0एम0 एवं आई0डी0यू0 लक्ष्य पर कार्य कर रही संस्थाओं के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नाको–भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये ट्रेनिंग माड्यूल के अनुरूप किये गये।

चित्र–2. विश्व एड्स दिवस में प्रतिभाग करते टी0आई0 संस्थाओं के प्रतिनिधि

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत बजट का आंवटनः

नाको–भारत सरकार के द्वारा अनुमोदित वार्षिक कार्ययोजना 2015–16 के क्रम में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु कुल 34 संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु माह अप्रैल 2015 – मार्च 2016 हेतु निम्नानुसार बजट तीन किश्तो(दो तिमाही एवं एक छमाही किश्त) में निर्गत किया गया :–

एस०टी०आई/आर०टी०आई०
प्रगति आख्या (माह अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016)

यौन सम्बन्ध से फैलने वाली तथा यौन अंगों से सम्बन्धित रोग (एस0टी0आई0/आर0टी0आई0) भारत में एक मुख्य जन स्वास्थ्य समस्या है। विभिन्न सर्वेक्षणों में पाया गया है कि सामान्यतः वयस्क व्यक्तियों में 5 से 6 प्रतिशत लोग यौन सम्बन्ध से फैलने वाली तथा यौन अंगों से सम्बन्धित रोग से प्रभावित होते हैं। देखा गया है कि सरकारी चिकित्सालयों में बहिरंग रोगी विभाग में लगभग 6 प्रतिशत पुरूष तथा 12 प्रतिशत महिलायें यौन सम्बन्धी रोगों के लक्षणों वाले होते हैं।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की व्यापकता, एच0आई0वी0 के लिये एक महत्वपूर्ण सूचक है क्योंकि दोनों के संक्रमण का मार्ग समान होता है। उल्लेखनीय है कि एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 से संक्रमित व्यक्ति से एच0आई0वी0 के संक्रमित होने एवं दूसरे को संक्रमण फैलने की सम्भावना, सामान्य व्यक्तियों से काफी अधिक होता है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 को नियन्त्रित कर एच0आई0वी0 संक्रमण के दर को कम किया जा सकता है तथा एच0आई0वी0 की रोकथाम तथा प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रशिक्षित परामर्शदाता द्वारा सलाह दी जाती है।

राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण संगठन (नाको) का एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार का प्रविधान, एच0आई0वी0 के संक्रमण के फैलाव को रोकने तथा लैंगिक तथा प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण योजना है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार लक्षणों के आधार एवं सिफिलिस जांच के परिणाम पर किया जाता है तथा उपचार नाको, गाइडलाईन के अनुसार ही प्रदान किया जाता हैं।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें जिला स्तर के चिकित्सालयों एवं कुछ चयनित अन्य चिकित्सालयों में नाको द्वारा राज्य एड्स नियन्त्रण समिति की ओर से प्रदान की जाती है, जिन्हें (Designated STI/RTI Clinic-DSRC) अथवा सुरक्षा क्लिनिक के नाम से जाना जाता है। नाको द्वारा प्रत्येक सुरक्षा क्लिनिक में एक परामर्शदाता की संविदा पर तैनाती की गयी है तथा निःशुल्क औषधि प्रदान की जाती है, साथ ही सिफिलिस की जांच भी की जाती है। अन्य चिकित्सालयों में यह सेवायें एन0आर0एच0एम0 द्वारा प्रदान की जाती हैं।

वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में कुल 27 सुरक्षा क्लिनिक एवं एक एस.आर.सी. केन्द्र स्थापित है जिसमें 28 (01 अतिरिक्त परामर्शदाता दून माहिला चिकित्सालय में) एस0टी0आई0 परामर्शदाता एवं 01 लैब टैक्नीशियन तैनात है। वित्तीय वर्ष 2015–16 में एक एस.आर.सी. केन्द्र, एच0आई0एच0टी0, जौली ग्रांण्ट डोईवाला में स्थापित किया गया।

उच्च जोखिम व्यवहार वाले व्यक्तियों में एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। वर्तमान में स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा यह सेवायें प्रदान की जा रही हैं।

माह अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 तक कुल 25968 मरीजों का सुरक्षा क्लिनिक में उपचार किया गया।

रक्त संचरण सेवा कार्यक्रम
(अप्रैल 2015-मार्च 2016)

रक्त संचरण सेवायें राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है। असुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों के कारण एच0आई0वी0 संक्रमण की संभावना 100 प्रतिशत बनी रहती है, इसलिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि सुरक्षित रक्त की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में बनी रहे, जिसके लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में रक्त सुरक्षा कार्यक्रम को एक खास वरीयता दी गयी है।

राज्य में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त की उपलब्धता हेतु स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस हेतु राज्य के समस्त जिलों में समय–समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर लाईसेन्सयुक्त रक्तकोषों के माध्यम से लगाये जाते हैं। प्रदेश में स्थापित रक्तकोष निम्नानुार हैः–

कुल रक्तकोष – 27

राज्य सरकार – 17

केन्द्र सरकार – 03

प्राईवेट – 07

वित्तीय वर्ष 2015–16 (अप्रैल–मार्च) में प्रस्तावित लक्ष्य के क्रम में प्राप्त लक्ष्य निम्न प्रकार हैः–

क्र.सं0	विवरण	प्रस्तावित लक्ष्य	प्राप्त लक्ष्य
1	कुल एकत्रित रक्त यूनिटों की संख्या	85800	110265
2	कुल स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त	77220	100236
3	स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत	90%	90.90%
4	कुल एकत्रित रक्त यूनिटों की संख्या (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	80000	100128
5	स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त यूनिट (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	70000	93547
6	कुल रक्तदान शिविर	572	809

वित्तीय वर्ष 2015–16 में रक्त सुरक्षा अनुभाग द्वारा विभिन्न विशेष दिवसों का राज्य एवं जनपद स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं को एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं0	कार्यक्रम का नाम	रक्तदान माह अभियान शिविरों में एकत्रित रक्त यूनिट की संख्या	सम्मानित रक्तदाता/ संस्थाए
1.	विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) अभियान	7145	15
2.	राष्ट्रीय रक्तदान दिवस	-	10

वित्तीय वर्ष 2015–16 (अप्रैल–मार्च) में रक्त सुरक्षा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड द्वारा किये गये कार्यों का विवरण

स्वैच्छिक रक्तदान सप्ताह

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2015 तक स्वैच्छिक रक्तदान सप्ताह का आयोजन रोटरी क्लब एवं राज्य रक्त संचरण परिषद के सहयोग से डी0ए0वी0 पी0जी0 कॉलेज में किया गया। कार्यकम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत द्वारा किया गया। तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डायरेक्टर एस0बी0टी0सी0 डॉ0 कैलाश जोशी को स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु सम्मानित किया गया तथा महामहिम राज्यपाल महोदय श्री के0के0 पाल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने हेतु एस0बी0टी0सी0 के प्रतिनिधि श्री रवि बिष्ट को सम्मानित किया गया।

विद्यालय शिक्षा / उच्च शिक्षा कार्यक्रमः–

सुरक्षित रक्त की महत्ता को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लक्ष्य से तथा युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से विद्यालयी शिक्षा / उच्च शिक्षा कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में वित्तीय वर्ष 2015–16 में समस्त जनपदों में स्थापित कुल 250 रेड रिबन क्लबों में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यकम का आयोजन किया गया।

बीट एनीमिया कार्यक्रमः–

महिलाओं में रक्त की कमी होने के कारण वे रक्तदान देने के इच्छुक होने के बावजूद भी स्वैच्छिक रक्तदान नहीं कर पाती हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2015–16 में महिलाओं में स्वैच्छिक रक्तदान एवं हीमोग्लोबिन सम्बन्धित जागरूकता बढ़ाने हेतु एम0के0पी0 विश्वविद्यालय एवं कन्या गुरूकुल महाविद्यालय, देहरादून में रेड रिबन क्लब के माध्यम विभिन्न जागरूकता कार्यकमों का आयोजन किया गया।

ब्लड मोबाईल बसः–

नाको–भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के माडल ब्लड बैंक दून चिकित्सालय, देहरादून हेतु एक ब्लड मोबाईल बस प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2015–16 में ब्लड मोबाईल बस के माध्यम से विभिन्न स्थानों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

- कुल रक्तदान शिविर – 16
- कुल एकत्रित रक्त यूनिट – 545

रक्त की गुणवत्ता (Quality of Blood) एवं रक्त संचरण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिए निम्न बैठकों का आयोजन किया जाता हैः–

रक्तकोष अधिकारियों की बैठक

वित्तीय वर्ष 2015–16 में अपर परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की अध्यक्षता में दिनांक 23 दिसम्बर, 2015 को रक्तकोष अधिकारियों की बैठक आहुत की गयी जिसमें 19 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कोर कॉरडीनेशन कमेटीः–

राज्य में रक्त संचरण सेवाओं के सफल संचालन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु स्टेट ट्रान्सफ्यूजन सर्विसेज़ कोर कॉरडीनेशन कमेटी के गठन हेतु दिनांक 11 मई, 2015 को महानिदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परियोजन कल्याण की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राज्य एवं जिले स्तर पर स्टेट ट्रान्सफ्यूजन सर्विसेज़ कोर कॉरडीनेशन कमेटी गठित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सुपरवाईजरी विजिटः–

रक्त संचरण सेवाएं अनुभाग द्वारा काशीपुर, रानीखेत, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, हरिद्वार, रूड़की, ऋषिकेश, रूद्रपुर, चमोली, पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, चम्पावत, टिहरी गढ़वाल एवं नैनीताल में स्थापित राजकीय रक्तकोषों की सुपरवाईजरी विजिट की गयी।

राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड :–

प्रदेश में राज्य रक्त संचरण परिषद् की स्थापना, राष्ट्रीय रक्त संचरण परिषद् के निर्देशों को राज्य में लागू कराने के उद्देश्य से की गयी है। नीति निर्णयन (Policy Decision) प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण / अध्यक्ष, राज्य रक्त संचरण परिषद् की अध्यक्षता में गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिये जाते हैं, जिसमें परियोजना निदेशक, यूसैक्स / उपाध्यक्ष, राज्य रक्त संचरण परिषद् एवं राज्य की रक्त संचरण सेवाओं के तकनीकी सदस्य होते हैं। राज्य रक्त संचरण परिषद् की गवर्निंग बॉडी की प्रथम बैठक दिनांक 03 अगस्त, 2015 को आहुत की गयी।

सुरक्षित रक्त, स्वास्थ्य सेवा का एक अति महत्वपूर्ण अंग है, जिसके लिए उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति का रक्त संचरण सेवा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद् संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। साथ ही वित्तीय वर्ष 2015–16 में स्वैच्छिक रक्तदान का कुल 90.76 प्रतिशत तथा नाको सहायतित रक्तकोषों में 93.45 प्रतिशत रहा तथा इसे शत प्रतिशत करने हेतु निरन्तर प्रयासरत हैं।

युवा दिवस :–

युवा दिवस 12 जनवरी, 2016 के उपलक्ष्य में ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय, देहरादून में एस0बी0टी0सी0 एवं यूसैक्स के सहयोग से एक जागरूकता कार्यकम आयोजन किया गया। उक्त कार्यकम में कुल 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

महिला दिवसः–

महिला दिवस 08 मार्च, 2016 के उपलक्ष्य में एम0के0पी0 कॉलेज, देहरादून में एस0बी0टी0सी0 एवं उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुल 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

"रक्तदान" "महादान" "जीवनदान"

एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.)

आई.सी.टी.सी एवं पी.पी.टी.सी.टी. केन्द्र में परामर्श एवं परीक्षण की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है जहाँ पर स्वयं एवं डॉक्टर की सलाह से जनसामान्य अपनी एच.आई.वी जांच एवं परामर्श की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाते है।

एच.आईवी./एड्स संक्रमण का पता, केवल रक्त की जांच करवाने से ही हो सकता है। परामर्श (काउन्सलिंग) सहायक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एच.आई.वी./एड्स के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपरक जानकारी प्रदान की जाती है तथा परामर्श द्वारा संक्रमित व्यक्ति को जीवन निर्वाह के लिए सकारात्मक प्रवृत्ति अपनाने एवं नेगेटिव लोगो को भविष्य में एच.आई.वी./एड्स से बचने के उपाय के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। उत्तराखण्ड राज्य में एच.आई.वी. परीक्षण की सुविधा सर्वप्रथम 2002 में दो केन्द्रों में शुरू की गयी तथा अभी तक राज्य में 49 स्टैन्डअलोन एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई0सी0टी0सी0), 114 फेसिलिट आई0सी0टी0सी0 एवं 01 मोबाईल आई0सी0टी0सी0 तथा 12 पी0पी0पी0 मोड आई0सी0टी0सी0 स्थापित हैं। सभी केन्द्रों में एक परामर्शदाता एवं एक लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था की गयी है, जो कि जनसाधारण को एच.आई.वी/एड्स की जानकारी एवं बचाव के उपायों से सम्बन्धित जानकारी के साथ–साथ एच.आई.वी. जांच की सुविधा प्रदान करते है।

आई.सी.टी.सी. कार्यक्रम की सफलता हेतु आई.सी.टी.सी. केन्द्रो को राज्य में चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे आर.एन.टी.सी.पी.(Revised National Tuberculosis Control Programme), टी.आई.(Targetted Intervention) एवं एस.टी.टी.(Sexual Transmitted Disease) क्लीनिक से जोड़ा गया है। प्रायः देखा गया है कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति अवसरवादी संक्रमण का शिकार हो जाता है, जिस में टी.बी. प्रमुख अवसरवादी संक्रमण है, जिस हेतु आर.एन.टी.सी.पी द्वारा समस्त टी.बी. मरीजों को एच.आई.वी जांच हेतु आई.सी.टी.सी केन्द्रों को संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा टी.बी. के लक्षण पाये जाने वाले समस्त लोगों को टी.बी. केन्द्रों में टी.बी. की जाँच हेतु संदर्भित किया जाता है।

राज्य में चल रहे टी.आई. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत गैर सरकारी संगठन उच्च जोखीम व्यवहार वाले लोगों के साथ काम कर रहें है, जिन लोगों की साल में दो बार एच.आई.वी. जांच जरूरी हैं एवं उनके व्यवहार परिवर्तन की भी अत्यन्त आवश्यकता होती है जो कार्य आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा बखुबी निभाया जा रहा है।

एस.टी.आई/आर.टी.आई संक्रमित व्यक्ति को एच.आई.वी. संक्रमण होने एवं दूसरो को संक्रमित करने का खतरा 10 प्रतिशत तक ज्यादा रहता है जिस हेतु राज्य में 27 एस.टी.आई/आर.टी.आई क्लीनिको एवं एक एस.आर.सी. की स्थापना की गयी है। जिसमें आने वाले लोगों को आई.सी.टी.सी. में संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. में आने वाले लोगों को एस.टी.आई के लक्षण पाये जाने की स्थिति में एस.टी.आई. में संदर्भित किया जाता है।

साथ ही संक्रमित पाये गये व्यक्तियों को सी.डी.– 4 जांच एवं इलाज के लिए ए.आर.टी. केन्द्रों में सन्दर्भित किया जाता है तथा समय–समय पर उनके साथ समन्यवय स्थापित किया जाता है।

आई.सी.टी.सी.

- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक कुल 93113 सामान्य लोगों की एच.आई.वी की जांच की गयी, जिसमें कुल 706 लोग एच.आई.वी घनात्मक पाये गये जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक कुल 91694 गर्भवती माताओं की एच.आई.वी जांच की गयी, जिसमें कुल 49 गर्भवती माताऐं एच.आई.वी घनात्मक पायी गयी जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- टी.बी. क्लीनिको से आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में एवं आई.सी.टी.सी. केन्द्रों से टी.बी. क्लीनिको में लोगों संदर्भित किया जाता है।
- अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक कुल 14186 उच्च जोखिम व्यवहार वाले लोगों की जांच की गयी।
- अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक कुल 10974 ब्रिज पॉपुलेशन वाले लोगों की जांच की गयी।

आई.सी.टी.सी. मोबाईल वैन

राज्य में एच0आई0वी0/एड्स की जानकारी एवं परीक्षण हेतु एक आई.सी.टी.सी. मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है। वैन को विभिन्न आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है, वैन में एक परामर्शदाता, लैब टेक्नीशिन, चालक एवं अटेन्डेन्ट तैनात है, जो वैन में ही परामर्श एवं टेस्टिंग कर रिपोर्ट क्लाईन्ट को देते है।

सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई०ई०सी०)

एच0आई0वी कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा एवं संचार की एक अभिन्न रणनीति रही है चाहे वह एच0आई0वी0 संक्रमण के प्रभावी बचाव, रोकथाम या जागरूकता हो। जिसका मुख्य उद्देश्य कलंक और भेदभाव को कम करना एवं यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों के मध्य पहुँचाना है। वर्ष 2015–16 में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत प्रचार–प्रसार हेतु इलैक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, आउटडोर मीडिया आदि के माध्यम से विभिन्न चैनल्स का प्रयोग किया गया।

आई0ई0सी0 एवं मेनस्ट्रिमिंग के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में विश्व रक्त दाता दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, विश्व एड्स दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा एच0आई0वी0/एड्स, एस0टी0आई0, स्टीगमा, डिस्क्रिमिनेशन एवं रक्तदान जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त टी0वी0 वार्ताये, आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी एवं अल्मोड़ा से रेडियो कार्यक्रमों व रेडियों जिंग्ल्स/स्पॉटस का प्रसारण किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च 2016 के अवसर पर समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किये गये। इन कार्यक्रमों में विभिन्न रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, डिबेट, प्रदर्शनी आदि गतिविधियां भी आयोजित की गई। आई0ई0सी0 गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की पठन सामग्री का प्रकाशन किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस बैरियर, बस शैल्टर, पोस्ट ऑफिस पास बुक एवं रेलवे स्टेशनों पर ग्लो साईन बोर्ड आदि द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण से बचाव एव रक्तदान जैसे विषयों पर संदेश प्रसारित किये गये।

ब्लक एस0एम0एस0:– यूसैक्स द्वारा कुल 8.42 लाख ब्लक एस0एम0एस0 04 अवसरों राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, विश्व एड्स दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न उपभोगताओं के मोबाईल पर एच0आई0वी0/एड्स एवं स्वैच्छिक रक्तदान विषय पर एस0एम0एस0 प्रसारित किये गये।

मास मीडिया :

दूरदर्शन : उत्तराखण्ड दूरदर्शन पर एच0आई0वी0/एड्स विषय पर सामान्य जानकारी, एच0आई0वी0 को मुख्यधारा में लाने के प्रयास, एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल

व उपचार, रक्तसुरक्षा कार्यक्रम, रक्तदान प्रोत्साहन, यौन जनित संक्रमण एवं एच0आई0वी0, आई0सी0टी0सी0 (परामर्श एवं जांच केन्द्र) आदि विषयों पर फरवरी से मार्च 2016 में प्रति सप्ताह कुल 07 कार्यक्रम, प्रति कार्यक्रम 30 मिनट का प्रसारण किया गया। जिसमें बहुत से दर्शकों द्वारा फोन द्वारा बहुत से सवाल पूछे गये जिसका उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

रेडियो प्रोग्राम : 15 मिनट के 36 लॉग फारमेट रेडियों प्रोग्राम के एपिसोड का प्रसारण आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी एवं अल्मोड़ा से ए0आई0आर0 कानपुर के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किये गये। प्रत्येक रेडियो कार्यक्रम की अवधि 15 मिनट थी। इसके साथ ही 531 रेडियों जिंग्लस एंव स्पॉट का प्रसारण नजीबाबाद, पौड़ी, अल्मोड़ा से ए0आई0आर0 कानपुर

के माध्यम से प्रसारित किये गये। प्रत्येक रेडियों जिंग्लस एवं स्पॉट की अवधि 30 सैकैण्ड थी।

आउटडोर मीडिया:

ग्लो साइन बोर्ड एट रेलवे स्टेशन : रेलवे स्टेशन हरिद्वार, ऋषिकेश एवं रूड़की में एच0आई0वी0 संक्रमण एवं बचाव, यूसैक्स की सेवायें स्वैच्छिक रक्तदान, कलंक एवं भेदभाव के विषय पर 57 ग्लो साइन बोर्ड एक माह हेतु लगाये गये।

पुलिस बैरियरः– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा एच0आई0वी0 /एड्स की रोकथाम व जानकारी प्रदान करने हेतु कुल 50 पुलिस बैरियर जनपद देहरादून, हरिद्वार एवं नैनीताल हेतु बनवाये गये। जिस पर एच0आई0वी0/एड्स, स्वैच्छिक रक्तदान एवं टॉल फ्री हैल्प लाईन नं0 1097 के संदेश दिये गये।

बस शैल्टरः– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा एच0आई0वी0 /एड्स की रोकथाम व जानकारी प्रदान करने हेतु कुल 10 बस शैल्टर देहरादून के प्रमुख बस स्टैण्ड में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक माह हेतु लगवाये गये।

पोस्ट मीडियाः– उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम व जानकारी प्रदान करने हेतु कुल 80,000 पोस्ट ऑफिस पास बुक छंपवाई गई जिस

पर एच0आई0वी0 / एड्स से सम्बन्धित विज्ञापन दिया गया। उक्त पास बुकों को उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के पोस्ट ऑफिसेस में वितरित किया गया।

मिड मीडिया:

आई0ई0सी0 वैन : एच0आई0वी0 / एड्स संक्रमण व बचाव, कलंक एवं भेदभाव एवं स्वैच्छिक रक्तदान पर जागरूकता के लिए 4 आई.ई.सी. वैन एक माह हेंतु किराये पर ली गयी। जिनका फ्लैग ऑफ अपर परियोजना निदेशक महोदय, यूसैक्स द्वारा किया गया था। उक्त 04 आई0ईसी0 वैन जनपद देहरादून, हरिद्वार उधमसिंहनगर एवं नैनीताल में चलाई गई थी।

आई0पी0सी0 वर्कशॉप:– यूसैक्स द्वारा 5 दिवसीय आई0पी0सी0 वर्कशॉप टी0आई0 स्टाफ, टी0आई0 आउटरीच वर्कर्स हेतु आई0पी0सी0 स्किल एवं टूल्स पर ट्रेनिंग सेंटर, चन्दर नगर, देहरादून में दिनांक 14–18 मार्च 2016 को आयोजित कराई गई थी।

मेगा इवेंट:– यूसैक्स द्वारा मेगा इवेंट एच0आर0जी0 एवं ब्रिज पॉपूलेशन हेतु रूद्रपुर उधमसिंहनगर में दिनांक 18 मार्च 2016 को आयोजित किया गया था। इस मेगा इवेंट में विभिन्न हैल्थ कैम्प, एच0आई0वी0 टैस्टिंग, एस0टी0आई0 कैम्प, कंडोम वितरण, आई0पी0सी0 सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियां आयोजित कराई गई।

प्रचार–प्रसार सामग्री : इस वर्ष में विभिन्न अनुभागों की आव यकता के अनुरूप कई प्रकार के आई0ई0सी0 मैटीरियल तैयार किये गये। जैसे पोस्टर, लीफलेट, फोल्डर, स्टीकर्स, वार्षिक प्रतिवेदन इत्यादि छंपवाई गई। इस क्रम में समिति कार्यालय द्वारा वर्ष 2016 हेतु वार्षिक डायरी भी छंपवाई गई। यह मैटीरियल जनसमुदाय में वितरित किये गये।

इवेंट का आयोजन:– वर्ष 2015–16 में विभिन्न इवेंट का आयोजन किया गया:–

विश्व रक्त दाता दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, विश्व एड्स दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें मुख्यतः रैली, पोस्टर व डिबेट प्रतियोगिता, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया जिसमें मा0 स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशक आदि सहित हजारों छात्र–छात्राओं, सामाजिक संगठनों, सरकारी व गैर सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किये गये।

रेड रिबन क्लब (एच०आई०वी०/एड्स नियन्त्रण की नई विचारधारा)

युवाओं को इस नये उभरते भारत को आगे ले जाना है। उन्हीं के कन्धों पर देश की अर्थव्यवथा, सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेवारी है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एक नवीन पहल के अन्तर्गत देश में एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं में युवाओं को साथ लेकर रेड रिबन क्लबों का गठन किया गया है। यह इसलिए किया गया है कि एच0आई0वी0/एड्स के अधिकांश मामले युवाओं में विशेषकर 15–29 वर्ष के आयु वर्ग के बीच हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि एच0आई0वी0/एड्स के कारण देश की रीढ़ कहे जाने वाले आयु समूह की स्थिति पर्याप्त रूप से विषम हो गई है।

उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में रेड रिबन क्लबों की भूमिका

उत्तराराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति रेड रिबन क्लबों के माध्यम से युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स के संक्रमण से बचाने हेतु कार्ययोजना के अनुरूप निरन्तर प्रगतिशील है। अभी तक प्रदेश में 250 रेड रिबन क्लब उच्च शिक्षण संस्थानों में शुरू किए जा चुके हैं। ये सभी क्लब एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता प्रचारित करने हेतु अपने स्तर से कार्यशील हैं। समिति द्वारा समय–समय पर इन सभी क्लबों की गतिविधियों का प्रालेखन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाता है। नई वित्तीय कार्ययोजना (2015–16) के अन्तर्गत एक नयी सोच के तहत प्रदेश के तकनीकी महाविद्यालयी स्तर पर भी रेड रिबन क्लब खोले गये हैं। इन सभी रेड रिबन क्लबों का राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायता से चिन्हीकरण किया गया। इस प्रकार प्रदेश में कुल 250 रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स से सुरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्धता निरन्तर सुनिश्चित कर रहे हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स संक्रमण से बचाने का एक कारगर तरीका है। इसके माध्यम से युवा वर्ग निकटतम रूप से बिना किसी हिचकिचाहट के एच0आई0वी0/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर पारस्परिक चर्चा कर सकेंगें।

वित्तीय वर्ष 2015–16 में रेड रिबन क्लबों का गठन एवं संचालन

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (युवा प्रकोष्ठ) उत्तराखण्ड के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2015–16 में प्रदेश के 250 उच्च शिक्षण संस्थानों में रेड रिबन क्लबों का गठन किया गया।

250 क्लबों में से 170 रेड रिबन क्लबों के गठन एवं संचालन हेतु रू0 6,31,200 लाख की धनराशि जिला समन्वयक, एन0एस0एस0, देहरादून एवं 80 रेड रिबन क्लबों के गठन एवं संचालन हेतु रू0 2,88,800 लाख की धनराशि वित्त अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल को प्रेषित की गयी।

रेड रिबन क्लबों में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता रैली, स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन, क्लब स्तर पर गोष्ठी, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि समय–समय पर आयोजित की गयी। विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर 2015 को रेड रिबन क्लबों के लगभग 3000 स्वयं सेवियों द्वारा गांधी पार्क से शुरू हुई राज्य स्तरीय एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त यूसैक्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में रेड रिबन क्लबों द्वारा समय–समय प्रतिभाग किया जाता रहा है।

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2015–16

मेनस्ट्रीमिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम एच0आई0वी0/एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति बढ़ते भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार को रोकने हेतु नाको, भारत सरकार द्वारा एच0आई0वी0 को एकमात्र स्वास्थ्य समस्या न मानते हुए एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया गया है। इस चुनौती का सामना करने की सर्वाधिक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को चिन्हित किया गया है।

रणनीति : मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियन्त्रण समिति के आई0ई0सी0 अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराये जाने हेतु राज्य स्तरीय एडवोकेसी एवं एच0आई0वी0/एड्स विषय पर संवेदीकरण कार्यशालायें एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गयी एवं यह कार्यक्रम विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कराये गये।

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एच0आई0वी0/एड्स विषय को मुख्यधारा में लाने के साथ ही इससे जुड़े कलंक एवं भेदभाव के व्यवहार को दूर करना, इससे जुड़ी भ्रान्तियों को दूर करना एवं एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0/एड्स से सम्बन्धित जानकारी, राज्य में एच0आई0वी0 संक्रमण की वर्तमान स्थिति, यूसैक्स द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी एवं यू0एन0 द्वारा दिये गये स्लोगन "शून्य की ओर" शून्य हो नये एच0आई0वी0 संक्रमण, शून्य हो भेदभाव एंव शून्य हो एड्स से मृत्यु के उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास किया गया।

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों हेतु उनके निवास स्थान से ए0आर0टी0 आने–जाने के लिए निःशुल्क बस पास की सुविधा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुमानित बजट महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को वित्तीय वर्ष 2015–16 मांग हेतु प्रेषित किया गया। जिसके सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 के बजट में धनराशि का प्राविधान किया गया है।

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है क्योंकि समाज में व्यापत भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार के दूर होने से एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकते हैं। वर्ष 2015–16 के दौरान इन कार्यक्रमों के द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को एच0आई0वी0/एड्स विषय पर जागरूक एवं एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ हो रहे व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु सम्पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रशिक्षणों के द्वारा एच0आई0वी0/एड्स को मुख्य धारा में लाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों के क्रम में यूसैक्स द्वारा उत्तराखण्ड पंचायती राज के ट्रेनिंग मॉडयूल में एच0आई0वी0/एड्स को मुख्य विषय के रूप में सम्मिलित कराया गया है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार राज्य में विभिन्न विभागों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु संवेदीकरण कार्यशालायों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 1000 से अधिक व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एच0आई0वी0/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम हेतु सम्पदित मेनस्ट्रीमिंग गतिविधियाँ

देखभाल, सहयोग एवं उपचार (Care Support & Treatment)

HIV/AIDS के साथ जी रहे लोगो के लिए देखभाल, सहायता और उपचार सुविधा

यह कार्यक्रम अवसरवादी संक्रमणों की रोकथाम और उपचार, एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी, मानसिक और सामाजिक सहायता, घर–आधारित देखभाल और संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए पीएलएचए को व्यापक प्रबंधन उपलब्ध करवाता है।

एच.आई.वी. एड्स के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारत सरकार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (NACP) को 100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित कर रही है। एंटी रेट्रोवायरल उपचार (ART) की व्यापक पंहुच के परिणामस्वरूप एड्स संबंधित कारकों के कारण मरने वाले लोगों की अनुमानित संख्या में गिरावट आई है।

भारत में ए.आर.टी. कार्यक्रम की शुरूआत 01–अप्रैल–2004 को की गयी थी। ए.आर.टी. के लिए राष्ट्रीय मार्ग निर्देशों को वर्ष 2004 में पहली बार प्रकाशित किया गया और फिर मई 2007 में इन्हें संशोधित किया गया। यह दिशानिर्देश (Guidelines) वयस्को और बच्चों के लिए अलग–अलग बनाये गये है। नाको के दिशानिर्देश विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दिशानिर्देशों को आधार बनाकर तैयार किये गये और ये सार्वजनिक स्वास्थ्य दृष्टिकोण का पालन करते है। ये दिशानिर्देश सरलीकृत प्रथम पंक्ति (First Line ART) और दूसरी पंक्ति (Second Line ART) के ए. आर.टी. उपचार का प्राविधान करते है।

सक्रमित व्यक्ति में निम्न रूग्णता और मृत्यु साथ ही एच.आई.वी. संचरण की निम्न सम्भावनाओं की दृष्टि से पी. एल.एच.आई.वी (People Living with HIV/AIDS) को लाभ प्रदान करने के लिए उच्चतर सी.डी. 4 काउन्ट (वर्तमान में <350) पर ए.आर.टी. उपचार शुरू की जाएगी। इसके अलावा टी.बी. के सभी रोगियों, गर्भवती महिलाओं, 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के लिए चाहें उनका सी.डी.4 काउन्ट कुछ भी हो, आजीवन ए.आर.टी. की शुरूआत की जायेगी।

CD-4 (Cluster of differentiation) -

CD4 की खोज 1970 में की गयी थी। किसी आम व्यक्ति में सी.डी.4 की संख्या 600 से 1300 तक हो सकती है। CD4 एक प्रकार का ग्लाइकोप्रोटीन है जो सफेद रक्तकोशिकाओं का एक भाग है जो T-helper cell, Monocytes, Macrophages (मैक्रोफेज) के सतह पर होता है।

HIV का वायरस CD4 को धीरे–धीरे नष्ट करता है तथा सक्रमित व्यक्ति में CD4 की संख्या 350 से कम होने पर ए.आर.टी. की दवा आरम्भ करने की सलाह दी जाती है। एच. आई.वी. सक्रमित व्यक्ति में CD4 की संख्या के आधार पर रोग का निदान होता है।

एच.आई.वी सक्रमित व्यक्ति में CD4 की संख्या 250 से कम होने पर अवसरवादी संक्रमण (Opportunistic Infection) की सम्भावनायें बढ़ जाती है, जिसमें मुख्य TB (Tuberculosis), Fungal Pneunomia है, जो उचित समय पर उपचार न करने पर जानलेवा हो सकती है। ए.आर.टी. की दवा समय पर लेने से CD4 की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती है। यह देखा गया है कि सक्रमित व्यक्ति की नियमित रूप से ए. आर.वी. की दवा सेवन करने से CD4 की संख्या 200 से बढ़कर 800 तक हुई है। जिससे उनकी जीवन शैली की गुणवत्ता में सुधार आया है। एक साल से कम आयु के बच्चों में CD4 की संख्या 2000–3000 होती है और इन में ए.आर.टी. का उपचार बिना CD4 जांच की बिना ही शुरू कर दिया जाता है।

वायरल लोड जांच – योजना विस्तार :–

वायरल भार की जाँच व्यक्ति के खून में एच.आई.वी. वायरस की मात्रा को मापता है। इसको मापने के विभिन्न तकनीक है :–

- पी.सी.आर. (पॉलाभरेज चेनरिएक्सन): उक्त तकनीक में खून के नमूने में एच.आई.वी. को बढ़ाने के लिए एक एंजाइम का प्रयोग किया जाता है। इसके बाद एक रसायनिक प्रक्रिया वाइरस को चिन्हित करता है। चिन्हित करने वालों को मापा जाता है, इस वाइरस की मात्रा को मापने में प्रयोग किया गया। रोचे एवं एबोह इस तरह के जाँच को उत्पन्न करते है।
- वी.डी.एन.ए. (ब्रान्चड् डी.एन.ए.) : उक्त तकनीक में चीज का मिश्रण किया जाता है जो नमूनों के साथ प्रकाश भी देता है। यह वस्तु एच.आई.वी. कण के साथ जुड़ जाता

है। प्रकाश की मात्रा को मापा जाता है एवं उसे वाइरल संख्या में परिवर्तित किया जाता है। बेयर ने इस जांच को उत्पन्न किया।

- एन.ए.एस.बी.ए. (न्युक्लिक एसिड सीक्वेन्स बेस्ड एम्पलिफिकेशन) : तकनीक वाइरल प्रोटीन का विस्तार करता है यह संख्या निकालने के लिए है। यह बायो मेरिउकस द्वारा बनाया गया है।

विभिन्न जांच पद्धति अकसर एक ही नमूनों का विभिन्न परिणाम देते है। क्योंकि सभी जांच भिन्न है, आपको अपने वायरल भार समयानुसार जानने के लिए एक ही तरह के जांच से जुड़े रहना चाहियें।

सी.डी.4 काउंट की बजाये वायरल लोड के आधार पर रोगियों की मॉनीटरिंग (अनुश्रवण) उपचार विफलता के सही और सटीक संकेतक प्रदान करती है। इसके साथ ही यह जांच चिकित्सीय परिणामों में सुधार लाती है क्योंकि दूसरी पंक्ति की एआरटी शीघ्र ही शुरू कर दी जाती है और दवा–प्रतिरोधी म्यूटेशंस के संचय में कमी लाती है।

अवसरवादी संक्रमण (Opportunistic Infection)

हमारे शरीर में बहुत सारे जीवाणु होते है, जैसे बैक्टेरिया, कवक एवं विषाणु। जब हमारा रोगप्रतिरोधक तंत्र कार्य कर रहा होता है तो वह इन विवाणुओं को नियंत्रित करता है। परन्तु जब रोगप्रतिरोधक तंत्र एच.आई.वी. रोग से या दवाईयों से कमज़ोर पड़ जाता है तो ये जीवाणु नियंत्रण से बाहर हो जाते है तथा स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते है। ऐसे संक्रमण जो रोगप्रतिरोधक रक्षा तंत्र की कमजोरी का लाभ उठाते हैं उन्हें अवसरवादी संक्रमण (अपॉरचुनिस्टिक इनफैक्शनस) कहते हैं। इसके सबसे सामान्य निम्नलिखित प्रकार हो सकते है :–

- कैडीडिआसिस (थ्रश) : मुंह, गले अथवा योनी में होने वाला कवक सक्रमण है। यह शरीर में अधिक सी.डी.4 कोशिकाओं की संख्या होने पर भी हो सकता है।
- साइटोमैगालोवायरस (CMV) : विशाणु से होने वाला संक्रमण है जिससे आँख का रोग होने पर नेत्रहीनता हो सकती है।
- हरपीस सीम्पलैक्स विषाणु से मुह में होने वाला हरपीस (ठंडे घाव) या लिंग का हरपीस हो सकता है। यह बहुत ही सामान्य से होने वाले संक्रमण हैं, लेकिन यदि आपको एच. आई.वी. है तो यह और भी ज्यादा एवं गंभीर रूप से हो सकता है। यह संक्रमण सी.डी.फोर कोशिकाओं किसी भी संख्या पर हो सकता है।
- मलेरिया विकासशील विश्व में सामान्य है। यह एच.आई. वी. के साथ जी रहे लोगों में बहुत ही सामान्य तथा गंभीर रूप से होता है।
- माईकोबैक्टिरीयम एवियम कॉम्पलेक्स – यह बैक्टेरीया से होने वाला संक्रमण है जिसके कारण बार–बार बुखार आ सकता है, बीमार होने का आभास होता है, पाचन क्रिया में समस्या आती है, तथा गंभीर रूप से वज़न कम होता है।
- तपेदिक (टी.बी.) बैक्टेरीया से होने वाला संक्रमण है जो कि फेफड़ों, ग्रंथियों तथा शरीर के अन्य अंगो पर आक्रमण करता है। भारत में एच.आई.वी. के साथ जी रहे लोगों में तपेदिक सबसे सामान्य सहसंक्रमण है।

एआरटी के सेवन के आरम्भ में होने वाले दुष्प्रभाव :–

कुछ दवाए जिनमें ए.आर.टी. भी शामिल है, उपयोगी है लेकिन उनके कुछ दुष्प्रभाव भी हो सकते है। आपके लिए आवश्यक है कि आपको उन दुष्प्रभावों की जानकारी हो एवं उनसे निपटना आता हो, आप खतरे वाले प्रभावों को पहचान सके एवं चिकित्सकीय सहायता लें। ज्यादातर दुष्प्रभाव जान लेवा नही होते हैं। वो कुछ हफ्तों के लिए होते हैं और फिर धीरे–धीरे कम होते जाते हैं और शरीर उनका आदी हो जाता है। अलग अलग एआरटी दवाओं के अलग अलग दुष्प्रभाव होते है।

सामान्य तौर पर एआरटी से होने वाले दुष्प्रभाव हैं :–

(क) सिरदर्द (ख) मुँह सूखना (ग) त्वचा पर दाने (घ) दस्त रोग (ड.) एनीमिया (खून की कमी) (च) चक्कर आना (छ) बाल झड़ना (ज) हाथ या पैरों में झनझनाहट या दर्द (झ) मितली और उल्टी (डा) असामान्य या बुरे सपने (ट) थकान महसूस होना (ठ) उदासी या चिंता।

एआरटी लेने वाले व्यक्तियों को इन सभी दुष्प्रभावों का सामना नही करना पड़ सकता है। सामान्यता: व्यक्ति को इनमें से एक या दो दुष्प्रभाव हो सकते है पर सारे दुष्प्रभाव एक साथ नही हो सकते।

एचआईवी/एड्स के साथ जी रहे लोगों (पी.एल.एच. ए) की देखभाल, सहायता और इलाज के अंतर्गत दी जाने वाली मुख्य सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हैं :–

- ए.आर.टी. केन्द्रों पर पी.एल.एच.ए. के लिए पूर्व–पंजीकरण और ए.आर.टी. पूर्व सेवाएं
- ए.आर.टी. की पात्रता का निर्धारण शारीरिक परीक्षण तथा सीडी–4 गणना के आधार पर निःशुल्क दवा का प्राविधान।
- प्रथम श्रेणी ए.आर.टी. का प्रावधान सभी पात्र पी.एल.एच.ए और सी.एल.एच.ए. के लिये।
- दवा अनुपालन की समीक्षा द्वारा ए.आर.टी. का फालो–अप, नियमित रूप से एआरटी केन्द्र जाना और लगातार आवश्यक परीक्षण और सीडी–4 की गणना (हर 6 महीने में) करना।
- अवसरवादी संक्रमण उपचार।
- पहली पंक्ति और दूसरी–पंक्ति ए.आर.टी. का प्रावधान उनके लिये जो दवा दुष्परिणाम और उपचार विफलता का अनुभव कर रहे हों।

